# विदेशी कॉल को भारतीय नंबर में बदलने पर दो गिरफ्तार

पटना | वरीय संवाददाता

**कार्रवाई**
- पाकिस्तान और दुबई से कॉल आने पर खुला राज
- इंटेलीजेंस ब्यूरो ने पुलिस के साथ की छापेमारी

**02** युवक गिरफ्तार, कई मशीनें हुईं बरामद

विदेशी कॉल्स को भारतीय नंबर में बदलकर उससे दूसरों को बात करवाने वाले एक गैंग का पर्दाफाश पटना में हुआ है। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान और दुबई से लगातार कॉल्स आने की खबर मिलने के बाद खुफिया विभाग और पटना पुलिस ने यह कार्रवाई की। यह गैंग टेलीफोन एक्सचेंज की तरह काम करता था।

गांधी मैदान थानांतर्गत सालिमपुर अहरा गली नंबर दो बौलियापुर इलाके से पुलिस ने झारखंड के बेकारो के गोमिया के रहने वाले अदनान सामी और विद्यासागर पल्ली, दुर्गापुर पश्चिम बंगाल के रहने वाले राजीव बनिक को गिरफ्तार किया गया है। इनके अड्डे से पुलिस ने कम्प्यूटर सेट, राउटर व अन्य मशीनें बरामद की हैं। ये लोग ऐसी तकनीक का इस्तेमाल करते हैं जिससे इंटरनेशनल कॉल आने के बावजूद उसे ट्रेस नहीं किया जा सके।सूत्रों की मानें तो सबसे पहले इंटेलीजेंस ब्यूरो की टीम ने कदमकुआं थाने की पुलिस के साथ इस इलाके में छापेमारी की थी। आईबी को ही यहां इन सभी गतिविधियों के होने की खबर मिली। इंटेलीजेंस ब्यूरो के बड़े अधिकारी भी उस कमरे में पहुंचे थे जहां से अंतरराष्ट्रीय नंबरों को भारतीय नंबर में बदलकर दूसरों से बात करवाया जाता था। इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद इस बात का खुलासा हुआ है कि कॉल सेंटर के नाम पर नंबर बदलकर बात करवाने वाले इन लोगों के तार देहरादून में बैठे अनुराग गुप्ता, रितेश और विकास नाम के शख्स से जुड़े हैं। पूरे ग्रुप का मास्टरमाइंड अनुराग गुप्ता है।

**सभी कॉल्स की हो रही है जांच**

विदेशों से आने वाले सभी कॉल्स की जांच हो रही है। कॉल्स किन नंबरों पर आते थे और किन लोगों ने भारत में बाहर से आये नंबरों पर बात की है उन सभी का पूरा ब्यौरा पुलिस और खुफिया विभाग की टीम ले रही है। बाहर से आने वाले कॉल्स का क्या मकसद था, इन सभी पहलुओं पर गहन पूछताछ चल रही है। वाट्स एप कॉल पर अक्सर सरगना इन दोनों से बातचीत किया करता था। ज्यादातर रितेश की दोनों से बातचीत होती थी। रितेशहमेशा सर्वर ऑन रखने को कहा करता था। अब यह पता लगाया जा रहा है कि देहरादून में ये लोग आखिर किसके इशारे पर काम करते हैं। रितेश और सरगना अनुराग गुप्ता के पकड़े जाने के बाद कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। राजीव और अदनान दिल्ली स्थित एक बैंक में क्रेडिट कार्ड से संबंधित काम करते थे। वहीं उन्हें विकास से दोस्ती हुई थी। दिल्ली में नौकरी करने के बाद दोनों वापस अपने घर चले आये। फिर एक दिन विकास ने ही दोनों को इस काम को करने का सुझाव दिया

## 15 दिनों पहले ही शुरू किया था काम

राजीव और अदनान ने पुलिस को बताया कि 15 दिनों पहले ही यह काम शुरू किया गया था। जबकि चार महीना पूर्व दोनों पटना में आये थे। लॉकडाउन के कारण उस वक्त ये काम नहीं कर पा रहे थे। दोनों बेहद शातिर हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्हें कॉल सेंटर के नंबर को डायवर्ट करवाने की बात कहकर 20 जार रुपये महीने पर यहां रखा गया था। बककायदा एक कंपनी बनाने को कहा गया था इसके बाद दोनों ने आरएस इंटरप्राइजेज नाम से कंपनी बनायी। इंटरनेट कनेक्शन लेने से लेकर जीएसटी नंबर व अन्य सभी चीजों के लिये इन्हीं दोनों ने अपने कागजात दिये थे।

## सॉफ्टवेयर से बदल जाता था नंबर

पटना | अपूर्व वर्मा

विदेशों से आने वाले नंबरों को भारतीय नंबर में बदलकर उससे दूसरों को बात करवाने के लिये यह रैकेट एक खास सॉफ्टवेयर (सेटोस, सिस्टेक, पुट्टी, एनिडिक्स) का इस्तेमाल करता था। उसी सॉफ्टवेयर के जरिये नंबरों को पल भर में देसी नंबर में बदल दिया जाता है। सरगना ने ही उस सॉफ्टवेयर को दिया था जिसे अदनान ने कम्प्यूटर में इंस्टॉल किया। बाकायदा बीटीएस और सर्वर का भी इस्तेमाल किया जाता था। हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन का इस्तेमाल दोनों करते थे ताकि किसी तरह की परेशानी न आये। पुलिस और खुफिया विभाग की टीम उस सॉफ्टवेयर के बारे में अधिक जानकारी ले रही है। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि इस रैकेट को चलाने वाले माफियाओं ने देश के अन्य हिस्सों में भी इस तरह के सेंटर खुलवा रखे होंगे। इसकी चेन लंबी हो सकती है। सरगना के पकड़े जाने के बाद इन सभी का मकसद साफ होगा। सूत्रों की मानें तो लगातार दुबई और पाकिस्तान व अन्य देशों से कॉल्स आने की खबर आईबी के मिली। इसके बाद आईबी अलर्ट हुई और पता लगाया जाने लगा कि ये कॉल्स कहां आते हैं। टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर इन सभी को पकड़ा गया आईबी की जांच ने इन शातिरों के कारनामों की पोल खोल कर रख दी।

## तीन साल बाद पकड़ा गया

पटना। चोरी के एक मामले में पिछले तीन साल से फरार चल रहे आरोपित को आखिरकार शुक्रवार को सचिवालय थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सचिवालय थाना प्रभारी मितेश न बताया कि पकड़ा गया आरोपित मंटू कुमार आलमगंज के बेलावरगंज का है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक(विद्युत)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं : **क्रम सं.:** 01, **निविदा सूचना संख्या :** ई- निविदा-एल-01-20-21, **ई-निविदा का नाम (हिन्दी) :** वाराणसी मंडल के ब्लॉक सेक्शन में स्थित 2000 टीवीयू से कम लेवल क्रॉसिंग गेट सं.-6C (ARJ-DHE) के इंटरलॉकिंग का प्रावधान, वाराणसी मंडल के ब्लॉक सेक्शन में स्थित 2000 टीवीयू से कम लेवल क्रॉसिंग गेट सं.-9C (ARJ-DHE) के इंटरलॉकिंग का प्रावधान, वाराणसी मंडल में 2000 से अधिक टीवीयू वाले लेवल क्रॉसिंग गेट सं.-16AC (SIP-TOI) के इंटरलॉकिंग का प्रावधान, वाराणसी मंडल में 2000 से अधिक टीवीयू वाले लेवल क्रॉसिंग गेट सं.-3C (SRU-BTT) के इंटरलॉकिंग का प्रावधान एवं गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज सेक्शन पीक्यूआरएस द्वारा (CTR (P) बीजी (359/7 & 376/3 & 377/5-385/0 (24.100 KM) से संबंधित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 41,81,070.09, **अमानत राशि :** रु. 83,600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 3,000.00, **कार्य समापन का समय :** 90 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समय :** निविदा बन्द होने की तिथि 02.07.2020 को 15.00 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** निविदा खुलने की तिथि 02.07.2020 को 15.30 बजे। **क्रम सं.:** 02, **निविदा सूचना संख्या :** ई-निविदा-एल-02-20-21, **ई-निविदा का नाम (हिन्दी) :** बलिया, बेल्थरा, आजमगढ़ एवं देवरिया सदर स्टेशनों पर लिफ्टों एवं बलिया रेलवे स्टेशन पर ऐस्केलेटर का प्रावधान के लिए विद्युत आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था। **अनुमानित लागत :** रु. 15,66,501.21, **अमानत राशि :** रु. 31,300.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 2,000.00, **कार्य समापन का समय :** 90 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समय :** निविदा बन्द होने की तिथि 02.07.2020 को 15.00 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** निविदा खुलने की तिथि 02.07.2020 को 15.30 बजे। **क्रम सं.:** 03, **निविदा सूचना संख्या :** ई-निविदा- एल- 03-20-21, **ई-निविदा का नाम (हिन्दी) :** वाराणसी मंडल के बेल्थरा रोड और आजमगढ़ (आजमगढ़-पी.एफ.-I और बेल्थरा रोड पी.एफ. -1 और 2) में सीजीएस का प्रावधान (II) मऊ में लेडी लोको पायलट और डीजल लॉबी के लिए विश्राम कक्ष का उन्नयन से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 9,98,581.91, **अमानत राशि :** रु. 20,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** रु. 2,000.00, **कार्य समापन का समय :** 90 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समयः** निविदा बन्द होने की तिथि 03.07.2020 को 15.00 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** निविदा खुलने की तिथि 03.07.2020 को 15.30 बजे। **क्रम सं.:** 04, **निविदा सूचना संख्या :** ई-निविदा-एल-04-20-21, **ई-निविदा का नाम (हिन्दी) :** फसाड का प्रावधान, सरकुलेटिंग एरिया में सुधार, प्लेटफार्म नं.-1 के पीपी शेल्टर के शीट का बदलाव, प्लेटफार्म नम्बर-I की सतह में सुधार, यात्री निवास का उन्नयन, कैफेटेरिया का प्रावधान, सरकुलेटिंग एरिया में पार्किंग स्थल का विकास, वेटिंग हॉल आदि जैसी सार्वजनिक उपयोगिताओं का उन्नयन और बलिया रेलवे स्टेशन पर दूसरी प्रविष्टि का उन्नयन से सम्बंधित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 1,28,21,642.7, **अमानत राशि :** रु. 2,14,100, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 5,000.00, **कार्य समापन का समय :** 120 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समयः** निविदा बन्द होने की तिथि 03.07.2020 को 15.00 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** निविदा खुलने की तिथि 03.07.2020 को 15.30 बजे।

इस ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य, मुजाधि/विद्युत-23 पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**


# नाले में मिला कंस्ट्रक्शन कंपनी के मुंशी का शव

पटना | वरीय संवाददाता

**सनसनी**
- मीठापुर में भवन बनाने वाली कंपनी में करता था काम
- शेखपुरा जिले का मुंशी ठेकेदार की बाइक लेकर निकला था

एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के मुंशी का शव मीठापुर स्थित चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के पीछे एक नाले में मिला। शुक्रवार की सुबह 10 बजे शव मिलने से सनसनी फैल गई। मिली। शव की शिनाख्त शशि शेखर शर्मा (45) के रूप में की गई। वह मूलरूप से शेखपुरा जिले का रहने वाला था। अचानक नाले में शव और बाइक पड़ा देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को खबर दी। बाद में पुलिस की मदद से शव को बाहर निकाला गया।

दरअसल, मीठापुर में एक शैक्षणिक संस्थान का भवन बन रहा है। भवन बनाने वाली कंपनी का मुंशी शशि शेखर शर्मा मुंशी गुरुवार की रात अपने ठेकेदार की बाइक लेकर निकला था। काफी देर तक जब उसका कोई अता-पता नहीं चला तो सभी ने खोजबीन शुरू की। इधर, सुबह में उसका शव नाले में मिला। प्रथमदृष्टया बाइक से पानी में गिरने के कारण मुंशी की मौत हो जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पीमएसीएच भेज दिया है। जक्कनपुर थानेदार मुकेश कुमार वर्मा के मुताबिक, इस मामले में मृतक के परिजनों के बयान पर यूडी केस दर्ज किया जाएगा। वैसे पुलिस अन्य पहलुओं पर भी छानबीन कर रही है। शुरुआत में हत्या का आरोप ला रहे थे परिजन शुरुआत में मृतक के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे थे। परिजनों की ओर से एक मुखिया भी थाने पहुंचे और पुलिस से हत्या की बात कहने लगे।हालांकि बाद में मुआवजा मिलने के बाद परिजनों ने यूडी केस के बाबत लिखित शिकायत दी। पुलिस मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि चीजें और भी स्पष्ट हो सकें। पुलिस दो लोगों से पूछताछ भी कर रही है।

## भतीजी से शादी रचाने वाला धराया

**पटना।** भतीजी को भगाकर शादी रचाने वाले चाचा को जक्कनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लड़की आरोपित चाचा से महज एक साल छोटी है। दोनों नाबालिग भी हैं। दोनों नालंदा जिले के परवलपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

चाचा व भतीजी में दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसका घर वाले विरोध कर रहे थे। जब घर वालों ने रिश्ता मानने से इनकार कर दिया तो दोनों 10 दिन पहले घर से भाग गये। बाद में दोनों पटना आये और एक मंदिर में शादी कर ली। चाचा जक्कनपुर थाना क्षेत्र के मीठापुर बस स्टैंड के पास एक अपने दोस्त के यहां चला आया और पत्नी बन चुकी भतीजी के साथ रहने लगा। इसकी सूचना घर वालों को मिली तो वह नालंदा से पटना आए और शुक्रवार की सुबह दोनों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## दो आरोपितों ने किया सरेंडर

**पटना।** दीघा थाना क्षेत्र के मखदूमपुर गेट नंबर 90 में 11 मई को हुई टेम्पो चालक गणेश पासवान हत्याकांड के मामले में फरार चल रहे दोआरोपितों मुकेश कुमार व बिट्टू ने शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

जहां से दोनों को स्थानीय पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इसकी पुष्टि करते हुए दीघा थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों को जल्द ही रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया जाएगा। रिमांड मिलने पर दोनों से हत्याकांड के बारे में पूछताछ की जाएगी। थानाप्रभारी ने बताया कि इस मामने में तीन आरोपित पहले ही जेल जा चुके हैं। दोनों से गहन पूछताछ की जाएगी। आखिर इसने हत्या क्यों की। क्या हत्या में कई और लोग शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।


कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

# गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगार परक शिक्षा, अकादमिक सुविधाएं तथा उत्तम रोजगार-इन्वर्टिस विश्वविद्यालय

**इन्वर्टिस विश्वविद्यालय बरेली के एनएच-24 (राष्ट्रीय राजमार्ग-24) पर स्थित है, जो देश एवं प्रदेश की राजधानी दिल्ली और लखनऊ से समान दूरी पर स्थित है। इसकी शुरुआत सन् 1998 में हुई थी। एक इंस्टीट्यूट (इन्वर्टिस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) 83 छात्र/छात्राओं के साथ अपनी यात्रा का प्रारम्भ किया जो वर्तमान में विशाल विश्वविद्यालय के रूप में परिलक्षित हो रहा है। इन्वर्टिस में आज 8 विभिन्न फैकल्टी स्ट्रक्चर हैं। यूनिवर्सिटी की ओर से डॉक्टोरल डिग्री, पोस्ट ग्रेजुएट व अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट, लॉ, कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लिकेशन, फार्मेसी, एजुकेशन, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, साइंस, फैशन डिजाइन, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी तथा एग्रीकल्चर जैसे तमाम मुख्य कोर्स ऑफर किए जाते हैं।**

INVERTIS UNIVERSITY BAREILLY

इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी मानती है कि एक शिक्षक की सफलता उसके छात्रों की सफलता पर निर्भर करती है। छात्रों की सफलता के लिए इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में आईआईटी, आईआईएम और एनआईटी जैसे प्रसिद्ध संस्थानों के शिक्षक शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इन्वर्टिस विश्वविद्यालय छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास का विशेष ध्यान रखती है। इसके लिए यहां पुस्तकीय ज्ञान के अलावा व्यावहारिक ज्ञान, एक्सट्रा करीकुलर एक्टिविटीज जैसे-खेल-कूद, नृत्य व संगीत प्रतियोगिता, पीडीपी आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता है। संस्थान की प्रसिद्धि एवं प्रगति में कार्यरत शिक्षकों और छात्र/छात्राओं के साथ-साथ पूर्व में शिक्षा प्राप्त छात्र/छात्राएं भी अपना विशेष योगदान देते हैं।

**अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर**

इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में छात्रों की पढ़ाई व सर्वांगीण विकास के लिए शानदार वातावरण उपलब्ध कराया गया है। इस यूनिवर्सिटी में वैश्विक स्तर की आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना अद्भुत है। अध्ययन अध्यापन के लिए यहां आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाता है। इसके लिए स्मार्ट और आधुनिक कक्षाओं की व्यवस्था है। सभी कक्षाओं में सेंटर एसी और वाईफाई युक्त प्रोजेक्टर्स की व्यवस्था है। इसके अलावा ट्यूटोरियल रूम्स, आधुनिक लाइब्रेरी, आधुनिक सुविधाओं से युक्त सेमिनार रूम्स, मूटकोर्ट और सुसज्जित ऑडीटोरियम की व्यवस्था है। ऑडियो विजुअल संचार माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाती है। यह छात्र/छात्राओं और शिक्षकों दोनों के लिए उपयुक्त है।

**मुख्य उद्देश्य**
- मैनेजमेंट, इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में छात्रों में कल्पना शक्ति और विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास करना
- वैश्विक रूप से तेजी से बदलते व्यवसायिक परिदृश्य के विषय में छात्रों को बताना और इस क्षेत्र में उनकी समझ विकसित करना
- संस्थान के बहुआयामी दृष्टिकोण को समझना और लागू करना
- छात्रों में आत्मविश्लेषण की क्षमता का विकास करना तथा उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति प्रेरित करना
- छात्रों में समस्या को समझाने और उसके निराकरण के लिए विकल्प ढूंढने की क्षमता विकसित करना





विश्वविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं को आधुनिक सुख-सुविधाओं से युक्त छात्रावास की व्यवस्था भी की गई है। हॉस्टल में मेडिकल सपोर्ट सिस्टम, आधुनिकतम जिम, छात्र/छात्राओं और शिक्षकों के लिए पार्किंग की भी शानदार व्यवस्था है। छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए छात्रों को पर्यावरण के अनुकूल वातावरण में रखा जाता है। छात्रों के लिए पूरी तरह से स्मोक फ्री जोन की व्यवस्था है। पर्यावरण की रक्षा के लिए सोलर हीटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पेपर रिसाइकिलिंग आदि गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा यह विश्वविद्यालय छात्र/छात्राओं की सुरक्षा के प्रति भी सजग है। सुरक्षा के लिए कैंपस और हॉस्टल में सीसीटीवी के साथ-साथ गार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है।

**उत्तम रोजगार**

इन्वर्टिस विश्वविद्यालय की एक और विशेषता यह है कि यहां कैंपस प्लेसमेंट के लिए कंपनियों का अच्छा विकल्प मिलता है। डिग्री के साथ-साथ छात्र/छात्राओं को अच्छी नौकरी भी मिले, संस्थान में इसके उत्तम व्यवस्था की गई हैं। संस्थान में प्लेसमेंट के लिए एडवाइजरी कमेटी का गठन किया गया है। इसमें प्रोफेशनल्स और एकेडमीशियंस की अलग-अलग कमेटी बनाई गई है, साथ ही प्लेसमेंट सेल को मजबूत करने के साथ-साथ उद्योग जगत की सहभागिता और वार्तालाप में निरंतर अभिवृद्धि की जा रही है। संस्थान के पूर्व छात्र भी प्लेसमेंट में सहयोग करते हैं। संस्थान कई बड़ी कंपनियों से सीधा संपर्क रखता है। आज संस्थान के अनेक छात्र प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उत्तम रोजगार/नौकरी के रिकॉर्ड से लोगों में संस्थान के प्रति विश्वास बढ़ा है।

इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए सैप, ओरेकल, टीसीएस, विप्रो, रिलायंस जियो, आईटीसी, ब्रिटिश टेलीकॉम, रॉयल एनफील्ड, हीरो साइकिल्स, एबीपी न्यूज, अदानी ग्रुप, रेडिसन ब्लू और अन्य प्रतिष्ठित कम्पनियां आती हैं।

**इंडस्ट्रियल विजिट**

संस्थान द्वारा छात्रों में इंडस्ट्री की समझ विकसित करने हेतु समय-समय पर इंडस्ट्रियल विजिट की व्यवस्था भी की गई है। इसके लिए संस्थान की कई औद्योगिक कंपनियों से संबद्धता है।

यहां छात्र/छात्राओं के लिए औद्योगिक विशेषज्ञों द्वारा लेक्चर की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। उत्तम रोजगार को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक जगत के आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रम निर्धारित किये गये हैं और इंडस्ट्रियल मीट भी आयोजित की जा रही हैं।

कैम्पस-इन्वर्टिस विलेज, एनएच-24, बरेली (उ.प्र.)-243123

9690955599

हेल्पलाइन नं. 9690955511

टोल फ्री नं. 18002745252

www.invertisuniversity.ac.in

(इस लेख में किए गए दावों की सत्यता की पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति/संस्थान की है।)



**हिन्दुस्तान**

**हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड**

**CIN:** L21090BR1918PLC000013

**पंजीकृत कार्यालयः** बुद्ध मार्ग, पटना-800001

**फोनः** +91 612 222 3434, **फैक्सः** +91 612 222 1545

**कारपोरेट कार्यालयः** हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस, (द्वितीय तल), 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001

**फोनः** +91 11 6656 1608 **फैक्सः** +91 11 6656 1445

**ई-मेलः** hmvlinvestor@livehidustan.com **वेबसाइटः** www.hmvl.in

## कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के लिए नोटिस

**विषयः कम्पनी के इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आई.ई.पी.एफ.) प्राधिकरण में हस्तांतरण**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6), साथ में पाठित, समय-समय पर संशोधित अनुसार, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखा-परीक्षा, हस्तांतरण और वापसी) नियमों, 2016 ("आई.ई.पी.एफ. नियमों") की शर्तों में, कम्पनी को आई.ई.पी.एफ. खाते में उन शेयरों को हस्तांतरित करना है, जिनके लाभांश सात (7) या अधिक अनवरत वर्षों के दौरान अदेय या बेदावेदार पड़े हैं।

कम्पनी ने उन शेयरधारकों को उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर, उचित कार्यवाही किए जाने के लिए, व्यक्तिगत रूप से सूचित किया है जिनके शेयर कथित नियमों के तहत आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण के डिमैट खाते को हस्तांतरित किए जाने के काबिल हैं। उन शेयरधारकों की सम्पूर्ण सूची, कम्पनी की वेबसाइट यानी **www.hmvl.in** पर 'Investor relations' सेक्शन के अधीन लगा दी गई है जिनके शेयर आई.ई.पी.एफ. में हस्तांतरित किए जाने हैं।

संबंधित शेयरधारक जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं, और जिनके शेयरों को आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण में हस्तांतरित किया जा सकता है, नोट करें कि कम्पनी नियमों के अनुसार आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को शेयरों के डिमैटिरिलाइजेशन औ हस्तांतरण हेतु उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाणपत्र (प्रमाणपत्रों) के स्थान पर नए शेयर प्रमाणपत्र (प्रमाणपत्रों) को जारी करेगी। ऐसी स्थिति में, मूल प्रमाणपत्र जो उनके नाम में पंजीकृत हैं, को स्वतः रद्द समझा जाएगा और गैर-परक्राम्य के रूप में माने जाएंगे। शेयरधारक यह भी नोट करें कि कम्पनी द्वारा उनकी वेबसाइट यानी www.hmvl.in पर अपलोड किए गए विवरण को आई.ई.पी.एफ. नियमों के अनुसरण में आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को शेयरों के हस्तांतरण के प्रयोजन हेतु कम्पनी द्वारा नए प्रमाणपत्र (प्रमाणपत्रों) के निगर्मन के संबंध में पर्याप्त सूचना समझा व माना जाए।

संबंधित शेयरधारकों से 20 सितम्बर, 2020 को या उससे पहले अदेय/बेदावेदार लाभांग राशि (राशियों) पर दावा करने का अनुरोध किया जाता/सलाह दी जाती है, अन्यथा उनके शेयरों को आई.ई.पी.एफ. नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निगमित कार्यवाही के रूप में आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

कृपया ध्यान दें कि वित्तीय वर्ष 2011-2012 तक अदेय/बेदावेदार लाभांश को आई.ई.पी.एफ. को पहले ही हस्तांतरित किया जा चुका है। अदेय/बेदावेदार लाभांश और ऐसे शेयरों, यदि कोई हो, पर उपार्जित सभी लाभों सहित आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण को हस्तांतरित किए गए शेयरों को, कथित नियमों के अधीन निर्धारित प्रक्रिया का पालने करने के बाद आई.ई.पी.एफ. प्राधिकरण से वापस प्राप्ति का दावा किया जा सकता है।

किसी भी स्पष्टीकरण हेतु, कृपया कम्पनी के पंजीयक तथा ट्रांसफर एजेंट से सम्पर्क करेंः **मैसर्स केफिन टैकनोलॉजी प्रा.लि.**, इकाईः हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गाचीबावली, फाइनैंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा, हैदराबाद-500 032, **फोनः** +91-40-6716 2222; **फैक्सः** +91-40-2300 1153; **टॉल फ्री नं.:** 1800-4258-998, **ई-मेलः** einward.ris@kfintech.com; **वेबसाइटः** www. kfintech.com

कृते **हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड**

हस्ता0/-

**तिथिः** जून 19, 2020 **(त्रिदिब बराट)**

**स्थानः** नई दिल्ली **कम्पनी सचिव**





